**श्री उपसभापति**: माननीय राम गोपाल जी, आज सुबह ही माननीय चेयरमैन ने आपको ज़ीरो ऑवर में इस विषय पर बोलने की अनुमति दी, लेकिन अन्य सदस्यों के शोर के कारण आप बोल नहीं पाए। कल पुन: हम इस पर चर्चा कर सकते हैं। चूंकि अभी इस पर चर्चा की अनुमति नहीं है, इसलिए मेरा आग्रह होगा कि आप राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर चर्चा को चलने दें। ...**(व्यवधान)**...

---

**REGARDING NOTICES ON DIFFERENT SUBJECTS -** *Contd.*

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): महोदय, यह आज नहीं हो सकता। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मैं पुन: आप सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाएं और लिस्टेड बिजनेस पर चर्चा करें। ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. राम गोपाल** यादव: महोदय, आज नहीं, कल करेंगे। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: प्रो. राम गोपाल जी, मेरा पुन: आग्रह होगा कि हम कल इस पर बात कर सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. राम गोपाल यादव**: महोदय, मैं देश के 85 परसेंट लोगों के हितों की बात कर रहा हूं। मुझे अफसोस है कि ओबीसी के लोग ही, जब ओबीसी के हितों की बात होती है, तो उसमें अड़ंगा डालते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मैं आप सभी से पुन: आग्रह करूंगा कि आप अपनी-अपनी सीटों पर जाएं और हम लिस्टेड बिजनेस पर चर्चा करें। चूंकि सदन ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. राम गोपाल यादव**: महोदय, इस गवर्नमेंट ने यहां हाउस में ...**(व्यवधान)**... मंत्री जी ने हम लोगों को आश्वासन दिया और उसका पूरी तरह से उल्लंघन हुआ। अब कोई भी इनकी बात पर विश्वास नहीं करेगा। ...**(व्यवधान)**...

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विजय गोयल)**: सर, राम गोपाल जी अपनी बात को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** (उत्तर प्रदेश): सर, 11 जनवरी, 2019 को एडवर्टाइज़मेंट निकला है। ...**(व्यवधान)**... दिनांक 1 फरवरी, 2019 को भी एडवर्टाइज़मेंट निकला है। ...**(व्यवधान)**...

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री प्रकाश जावडेकर)**: महोदय, ...**(व्यवधान)**... कोर्ट का फैसला आया कि डिपार्टमेंट वाइज ये एपाइंटमेंट करें। यह सरकार को मंजूर नहीं है। इसलिए हमने

एसएलपी लिया है और अभी फिर एसएलपी खारिज हुई है। फिर उसके खिलाफ रिव्यू पिटीशन डाल रहे हैं। हम किसी भी प्रकार से शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और ओबीसी के आरक्षण पर आंच नहीं आने देंगे, यह हमारा निर्णय है। इसलिए हम रिव्यू करेंगे और हमें पूरा विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। हमने बहुत तैयारी की है और हम अच्छा पक्ष रखेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: सदन के अंदर मौजूदा हंगामे की स्थिति को देख कर मेरे पास कोई विकल्प नहीं है, इसलिए the House stands adjourned till 1100 hours on Thursday, the 7th February, 2019.

*The House then adjourned at five minutes past two of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 7th February, 2019.*